RAJYA SABHA

Friday, "iOth November 1956

The House met at eleven of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

PAPER LAID ON THE TABLE

NOTIFICATION PUBLISHING FURTHER AMENDMENTS IN THE PREVENTION OF FOOD ADULTERATION RULES, 1955.

THE DEPUTY MINISTER TOR HEALTH (SHRIMATI M. CHANDRA-SEKHAR): Sir, 1 beg to lay on the Table, under sub-section (2) of section 23 of the Prevention of Food Adulteration Act, 1954, a copy of the Ministry of Health Notification S.R.O. No. 2755, dated the 20th November, 1956, publishing further amendments in the Prevention of Food Adulteration Rules. 1955. [Placed in Library. *See* No. S-510/56.]

TWENTY-FIRST REPORT OF THE PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE, (1956-57)

SHRI R. M. DESHMUKH (Bombay): Sir, I beg to lay on the Table a copy of the Twenty-first Report of the Public Accounts Committee (1956-57) on the Excess over Voted Grants and Charged Appropriations included in the Appropriation Accounts (Civil), 1952-53.

LEAVE OF ABSENCE TO SHRI THAKUR DAS

MR. DEPUTY CHAIRMAN. I have to inform hon. Members that the following letter, dated the 22nd November 1956. has been received from Shri Thakur Das :

"I am not keeping good health these days, as such it is not advisable to travel in this cold season. Besides my eldest son Ganesh Das is suffering from low blood pressure and heart attack, his condition was precarious on Friday last which is not free from anxiety yet. J—*7 R. S./56,

I, therefore, request you to kindly grant me leave of absence from this session of Rajya Sabha."

Is it the pleasure of the House that permission be granted to Shri Thakur Das for remaining absent from all meetings of the House during the current session ?

(No hon. Member dissented.)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Permission to remain absent is granted.

THE ORPHANAGES AND WIDOW'S HOMES BILL. 1956

SHRI KAILASH BIHARI LALL (Bihar): Sir, I beg to move:

"That the Bill to provide for the better control and supervision of orphanages and widows' homes in India be circulated for eliciting opinion thereon by the last day of January, 1957."

Sir. in moving my motion, I beg to submit that my task is easier because it is not for the first time that this Bill has come before this House. Unfortunately, last year it was not accepted by the Government and I had to withdraw. This time, thinking that even small mercies will be too much for private Members' Bills, 1 have requested for its circulation for eliciting public opinion and [hope that I will not be denied this lime.

At the very outset I beg to say that there is a kind of feeling in some of my friends' minds that when there are so many other Bills and when the Government have also brought up a Bill of this nature, what was the necessity of bringing up this Bill in this House and it is due to nothing but a desire for seeking a name that I have brought forward this Bill. I assure the House and my friend Mr. Pataskar that I sincerely say that I have not got the least desire for seeking a name while bringing up this measure. I confess that I am not adept in the art of seeking a name or gaining a name or making a position

[Shri Kailash Bihari Lall.]

for myself. I would be the last person to aspire for making a name by bringing up this Bill, if I am convinced that the things that 1 have proposed in this Bill are going to be adopted in the other Bill that the Government has brought up or any other Member either in this House or in the other House has brought up. Because I am convinced that the other Bills have mot taken into consideration the matter that I have introduced in this Bill, I have persisted in bringing up this Bill even this time.

SHRI H. P. SAKSENA (Uttar Pradesh): May 1 know whether the hon. Member represents the orphans or the widows?

SEVERAL HON. MEMBERS: Both.

SHRI KAILASH BIHARI LALL: I don't understand what my hon. friend aims at by putting this question excepting that he takes pleasure in interjecting some speech. If, at this age when he has got the opportunity to speak on every subject, he is not satisfied, and then like a child he gets up in the middle of a talk and he interjects for nothing. I think he should be treated with respect for his old age. I don't understand why, when he speaks on every occasion, he still persists in interfering with others' speeches when it is not necessary. May I ask my friend whether he is mterested in windows or orphans ?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't be distracted by such diversions.

SHRI KAILASH BIHARI LALL: I am under your protection. If grown up people like him can interfere in this way meaninglessly then I don't know. . . .

SHRI B. K. P. SINHA (Bihar): Not grown up but old.

SHRI KAILASH BIHARI LALL: Then he may take objection. I was saying that I am not seeking a name in this way because I want to propose certain things Which the other Bills are wanting in- 1 will try to place before the House in what respects this Bill differs from so many other Bills that have been brought up in the House. So far as the other Bills are concerned, one of them is the Suppression of Immoral Traffic in Women and Girls' Bill which has emerged from the Select Committee. I have gone through that report and I find that it is quite a different subject. Although in some respects it is connected with this subject of orphans and widows but it is quite a different thing. It is regarding suppression of immoral traffic.

Then with regard to women's and Children's Institutions licensing Bill, I have gone through that Bill also. I am told that this Bill has been referred to a Select Committee of the other House. The Select Committee has not submitted the report and I don't know what changes have got into that. But so far as this Bill is concerned, it can be said to be only a one-way traffic. This Bill only contemplates the imposition of duties on the public institutions, and the Government has got no corresponding duties. Rather, by going through some of the clauses of the Bill in connection with the women's and children's institutions, I have found that such hard conditions have been laid down there that in course of time even the private individuals and private bodies attempting to run such institutions will find it difficult to run them, and may ultimately give iup the attempt of doing this charitable work. For example, clause 11 of that Bill says that the manager of the institution. shall be bound to teach, train and feed every woman or child admitted in the institution till the woman is rehabilitated and the child has attained the age of eighteen years. But what the Government is going to do, there is no mention about that at all. And then, Sir. clause 14 of the same Bill says that every institution shall maintain proper accounts of all the sums of money received and spent, and shall file with the licensing authority an annual statement of accounts duly

audited by a Chartered Accountant. So. it reads, of course, very well to go through these clauses. But we have got to understand the implications of such clauses, After all. these are charitable institutions run on charity from the public, and there is no responsibility on the part of the Government. Therefore you can very well imagine the difficulty which these public bodies feel in running such institutions. And you are coming to their help by only asking them to have their accounts etc.. audited by a Chartered Accountant. You can understand what a Chartered Accountant means. It is just like asking a clerk to procure a medical certificate from a Civil Surgeon. Everybody knows that a Civil Surgeon charges a heavy fee of Rs. 20 or Rs. 30 for giving a certificate. How can a poor clerk afford to pay that fee ? But still he is asked to produce such a medical certificate, whenever he is to be harassed. Similarly, how is it possible for these public institutions with their meagre resources to get their accounts audited by Chartered Accountants ? Only the wearer knows where the shoe pinches. So, Sir, I have gone through this Bill which I find is only a one-way traffic. There are so many demands to be fulfilled by the public bodies and by the private individuals. But correspondingly, there is no aid coming from the Government's side.

THE MINISTER FOR LEGAL AFFAIRS (SHRI H. V. PATASKAR): I would like to know whether the hon. Member is speaking about the Bihar State Bill.

SHRI KAILASH BIHARI LALL: The Bihar State also has passed one Bill just as we have passed one or two Bills here of the same type, in order to deal with the criminal aspect of the question and to punish the delinquent or the runner of such institutions. But it is all a one-way traffic. There is no corresponding responsibility on the State to manage such institutions.

Unfortunately, in this country there are certain institutions which are run very badly, and many kinds of scandals are also going on. and those scandals are uppermost in the minds of the people, and when they think-about such institutions, they immediately come to the conclusion that they must be controlled. They never think about the positive side of the question as to how such institutions should be financed and run properly. That positive side is quite absent from the minds of all such thinkers. Sir. I have got the experience of 32 years in rhe matter of running an institution for orphans in my place. And I know what difficulties I have met with and I also know what is wanted of the Government or the State for such institutions being run on sound lines. 1 am not speaking with the shallow idea of how crimes are committed in these institutions and how crimes should be suppressed, because that is the job of passers-by. If a passer-by passes through an institution, he hears jome gossips about that institution that such and such a thing has happened there, and he thinks 'Oh, such an institution should be at once suppressed and the owners put in the jail and punished'. So, it is from that point of view that I compare these Bills with one another. I have found that so far all such Bills have dealt only with the crimes' committed in such institutions and how those crimes should be stopped.

SHRI J. S. BISHT (Uttar Pradesh): Is the hon. Member prepared to accept an amendment that it should be the 1st of January 1958 ? Everybody will be busy with the general elections, and nobody will have any time to look into this Bill.

SHRI KAILASH BIHARI LALL:I can understand that, but all thebusiness is not going to be stoppedbecause of the general elections. Thereare some persons who will be engag-I ed in the election business, hut therej will be others who will be engaged inI some other business also. I ao not[think that all the business in this| country will be stopped because somepeople will be engaged in the general

[Shri Kailash Bihari Lall.]

elections. Of course, if the House comes to hold this view» that every other business should be stopped. 1 will have no objection to accept even that amendment. Whether it is 1957 or 1958, does not matter at all. After all, I am not one of those who believe that they are holding up the sky and if they do not hold up the sky with their hands, the sky will fell down. Sometimes, 1 am accused of not making friends.

{Interruption.)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order, order. Yes, go on, Mr. Kailash Bihari Lall.

SHRI KAILASH BIHARI LALL: Sir, I was just comparing the two Bills, The motion which I am moving now is for its circulation. My Bill contains some positive suggestions, and on a democratic basis. In the other Bills you will find that i everything is based upon the police I and the magistrate and deals with j matters such as how the crime is to be ehecked and how these institutions J which are run only for the sake of I profession or business, should be che-eked, and how there should be some ' hold kept upon them. In my Bill, j that check is, of course there, but it j is a democratic check and it will add I to the self-respect of the particular I institution that we want to run in the ' country. The way in which other Bills | seek to control them is not the way of self-respect. They should not run these institutions after obtaining a licence. I may tell you that if I have j to submit to this business of licens- j ing, I will hand over my institution which is of 32 years' standing to the Government or I would dissolve it. I am not going to run an institution under a licence which is derogatory. Is it suggested that 1 run this institution for some gain or profit ? If you think that it is so, you suppress it, but if you i think that this is an institution which ' should be allowed to continue with j a sense of self-respect, then, as I have suggested, let there be recognition I only. Do you mean to say that, when schools and colleges are opened, the owners or proprietors of those schools and colleges open them after obtaining a licence from the Government ? These schools and colleges and other educational institutions are nurseries of all kinds of evils. A world famous figure has made such remarks. Although you know that there is evi! in schools and colleges, do you ask the managers or proprietors of the schools and colleges to run them after obtaining a licence ? To me it is an abhorrent idea that people should be asked to run these institutions after obtaining a licence. 1 have provided in my Bill that these institutions should be recognised. There should be recognition on certain conditions. The institutions which are not recognised should not be allowed to run. That is a great check upon them.

With regard to the other provisions, I have provided for three kinds of orphanages. One is State managed, the other is State-aided and the third is privately-owned. I have provided for privately-owned orphanages for this purpose that Christian missionaries are running such institutions and they do not allow any Government control over them, because their purpose is the propagation of their own religion. 1 have stated that in this secular age in our country, we should not aid such institutions as are run on a religious basis for religious propaganda and for creating communilism in the country. So, [have provided that only State-managed and State-aided institutions should receive grants from the Government. So far as the third category is concerned, they should not receive any grant, if at all they insist on running such institutions for religious purposes. It may be that when this goes to the Select Committee, there may be some changes made but 1 have provided in the Bill like that. The purpose of recognition is only to vest it with a sense of respectabilit). Such institutions should not be regarded as institutions that are run for some gain or profit or that they have some ulterior motive.

If there is something wrong, there is provision for withdrawal of recognition. Once the recognition is withdrawn, they will have to close down. Here there is no question of renewing the licence after some period of time. These are penal ideas, and 1 have not provided in that way in this Bill.

With regard to management, there is provision for a managing committee for each such orphanage, and the managing committee will run it under the rules that are to be framed by the Board with the approval of the State Government. All these provisions are in the rule-making clause, clause 25. This lays down how accounts should be kept, how they should be audited, etc.

Then, the most important feature is the Board of Control, which was ! ma'de the bone of contention by Mr. j Pataskar on the last occasion. He said that we have not got the power to burden the States with expenditure through any legislation made by us. But I find that even in the Bill which has emerged from the Select Committee on the Suppression of Immoral Traffic in Women and Girls in clause 13 it is stated :

"There shall be for each area to be specified by the State Government in this behalf a special police officer appointed by or on behalf of that Government for dealing with offences under this Act in that area."

So, a number of police officers are contemplated to be appointed by the State Governments. Now, are we not burdening the States with such legislation ? So, I think that, if we are a bit more charitable and liberal, we will find that we can make such legislation, but we can leave it to the States to follow it or not, if we are so conscientious that we should not legislate in a way that may in any way burden the States. But we may so provide that a State may or may not put I this law into operation when it is passed. It may be permissive. For instance, in clause 3 of this Bill, it is stated :

"There shall be maintained and recognised in every district town of a State at least one orphanage and one widows' home of any one of the categories provided in sub-section (3)."

Of course, when it goes to the Select Committee, they may change it and make it permissive, leaving it to the option of a State to put this in operation or not. It could be permissive instead of being mandatory. But 1 don't think there will be any single State which would object to this, because this is not a thing to be objected to, and this is not in any way a burden on them. They would, on the other hand, gladly welcome it.

The important point in making such laws with all-India jurisdiction is that we would thereby be strengthening the bonds of unity for the whole nation for which we are trying so much and which we so much need. On all possible occasions we plead that we should not have divisions, that we should not encourage lissiparous tendencies amongst us that may divide the country into so many spheres. Therefore, I submit, it is essential that most of our laws excepting of course those which are for local application, and for that they may have local laws-laws that are required for the whole country, they should be made by the Central legislature with this aim in view, that they may also prove as bonds of unity in the nation; and that will be a healthy thing for the whole nation if we want the idea of one country to be ingrained !n us. What is my time, Sir ?

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Lall, your motion is for circulation of the Bill for eliciting public opinion. So you need not go into the details of the clauses, because we do not know what shape the Bill will take after the public opinion has been received. Therefore, just refer to the general principles and close. That 1 think, should be sufficient.

SHRI S. N. MAZUMDAR (West Bengal): But he can explain the principles of the Bill at length.

SHRI KAIL ASH BIHAR! LALL: The important point in the Bill to which 1 want to invite the attention of the House is the provision for a Board of Control which is to be presided over by a paid, salaried Chairman. There will also be the Executive Officer and the Chief Inspector who will go round the whole State and inspect all such institutions. Instead of having a system of licensing such institutions and trying to harass them in that way, you will be getting officers and the Board of Control whose exclusive aim will be to help such institutions, to show the people concerned how they should be run, how they should be managed and properly looked after, and to give them directions with a view to seeing that these institutions are run properly. That is the important purpose so far as the function of the Board is concerned. The care of these institutions will be the exclusive concern of the State Government.

Then there are the appeal and penalty clauses in the Bill. So far as inspections are concerned. I have provided that at least one woman should be there on the panel of visitors. In the case of widows' homes, we may even have the panel exclusively composed of women. These may require minor changes here and there and the same can be effected.

Sir, I think I have done with the clauses in the Bill.

The most important point that 1 want to submit before concluding is that on previous occasions it was said that there is no provision in the Constitution under which we can proceed with such a Bill. But here it has been allowed by the Chairman and the House has taken it up and in order that there may not be any apprehensions of that kind I may say that so far as the three Lists in the Constitution are concerned, the word "orphanage" does not occur in any one of the three Lists, nor does "widows' home" figure in any one of the lists. There is no mention of them in the Union List. In the State List there is only item 4 which refers to "Prisons, reformatories. Borstal institutions and other institutions of a like nature, and persons detained therein; arrangements wiui other States for the use of prisons and other institutions." So under this item also institutions like orphanages and widows' homes cannot come.

SHRI J. S. BISHT: It can come under the items dealing with charitable institutions, in the Concurrent List.

SHRI KAILASH BIHAR1 LALL: Yes, that is the conclusion at which I am arriving. There is this item, No. 28 in the Concurrent List which deals with "Charities and charitable institutions, charitable and religious endowments and religious institutions." This is only item under which the subject with which this Bill deals can come. On the basis of this item the State Governments and Legislatures have also enacted laws dealing with this subject and we think that we are completely entitled to enact a legislation under this item 28 of the Concurrent List.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes.

SHRI KAILASH B1HARI LALL: That was the point that 1 wanted to mention and I mentioned it only because that kind of an objection was raised on the last occasion. So far as the question of burdening the States with expenditure is concerned, 1 need only point out that we are daily enacting laws for the States and we are burdening them with expenditure.

This subject of the proper care oforphanages and widows' homes isone that is now engaging the attentioni of the public and it has aroused coun-I trywide interest and attention and itI is but proper, therefore, that it should receive attention in this House also.

With these words, I commend my motion to the House for supporting it and for sending the Bill for circulation to elicit public opinion.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Motion moved :

"That the Bill to provide for the better control and supervision of orphanages and widows' homes in India be circulated for eliciting opinion thereon by the last day of January, 1957."

Mr. Agnibhoj.

SHRI B. K. P. SINHA: We would like to know the views of the Government before the discussion proceeds further.

श्री रामेश्वर अग्निभोज (मध्य प्रदेश) : उपसभापति जी, मैं श्री कैलास बिहारी लाल जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने संसद के समक्ष यह बिल पेश किया। भारतवर्ष के स्वतंत्र होने के बाद हमने अपने विधान में एक बात रखी और वह प्रधान बात है ह्यूमन डिगनिटी की, मनुष्य के आत्मसम्मान की। हम चाहते हैं कि राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह गरीब हो, अमीर हो, स्त्री हो, पुरुष हो, बूढ़ा हो, बच्चा हो या कोई हो, उसके आत्मसम्मान का उदय हो और उसकी उन्नति हो। हमारे देश में जो कि एक दयावान देश है, हमारे धर्म में, जिसके दया और परोपकार महान अंग माने गये हैं, एक भावना का उदय हुआ और वह भावना है गरीबों की, दीनों की, अपाहिजों की और अपंगों की सेवा करने की। हमारे समाज में बहुत तरह के दीन और हीन लोग ह। परन्तु हमारे समाज के दो अंग, एक बालक और दूसरी स्त्री, ये अंग बहुत ही दुर्बल और कमज़ोर माने गये हैं। कुछ प्रकृति ने और कुछ हमारे समाज ने इन अंगों को कमज़ोर समझा और कमज़ोर बनाया। बच्चों को तो प्रकृति ने कमज़ोर बनाया है और स्त्री को पुरुष समाज ने कमज़ोर बनाया है। स्त्री को "अबला" कहा है।

श्री किशन चन्द (आंध्र प्रदेश) : आज कल की स्त्रियां दुर्बल नहीं हैं।

डा० रघुनाथ प्रसाद दुबे (मध्य प्रदेश) : वे सब तो बराबर हैं, सबल हैं।

श्री रामेश्वर अग्निभोज : उसी पर मैं आता हूं। तो समाज ने स्त्री को कमज़ोर बना कर रखा और यह सौभाग्य की बात है कि हमारे संविधान ने स्त्री को पुरुष के समान अधिकार दिया, उसको बल दिया और कानून और विधान के द्वारा वे पुरुष की बराबरी पर आ गई। परन्तु तो भी प्रकृति ने पुरुष को जैसा कठोर बनाया स्त्री को वैसा ही कोमल बनाया और इसलिये वह अपनी उस कोमलता के आधार पर आज भी समाज में कमज़ोर है और रहेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। कोई बहिन या कोई माता या कोई पुत्री अपने को बलवान होने का दावा भले ही करे, पर मैं प्रकृति के आधार पर इतना ही दावे के साथ कह सकता हूं कि वह पुरुष के समान बलवान कभी नहीं बन सकती। इसलिए हमें अनाथाश्रम की और विधवाश्रमों की आवश्यकता पड़ी, और जब इन संस्थाओं का उदय हुआ तब उसमें दया का और रक्षा का भाव था। महान् विचारकों ने, पवित्र भावना के लोगों ने, दयावान लोगों ने इस संस्था की स्थापना की और मैं यह कहूंगा कि हमारे देश में सर गंगाराम-ट्रस्ट सरीखे ऐसे इंस्टीट्यूशन स्थापित हुए, ऐसे आश्रम स्थापित हुए, जिन्होंने स्त्री जाति की अधिक से अधिक सेवा की, जिन्होंने अनाथालयों में बच्चों की अधिक से अधिक सेवा की। परन्तु अच्छाई में बुराई भी होती है। इसलिये लोगों ने इनको व्यापार का साधन बना लिया। अनाथालयों का नाम सुनकर अनाथालयों के बड़े बड़े अक्षर हमारी स्मृति के सामने आ जाते हैं। परन्तु वे अनाथालय जिनमें बच्चे रखे जाते ह, उनकी रक्षा के लिये नहीं बल्कि उनको भिखारी बनाने के लिये रखे जाते हैं, और उनकी आत्मा का हनन किया जाता है। ये अनाथालय चलाने वाले लोग इन बच्चों को दरवाजे-दरवाजे और घर-घर भीख मांगने के लिये भेजते हैं, जो कि हमारे राष्ट्र के लिये, एक स्वतंत्र राष्ट्र जिसमें आत्मसम्मान है, जो ऊंचा उठना चाहता है, जिसने मनुष्य के व्यक्तित्व को इतनी प्रधानता दी है, उसके लिए एक कलंक है। हमारे देश में ये संस्थाएं कलंक के रूप में बच्चों को भिखारी बना देती हैं। इसी तरह से विधवाश्रमों में, जहां पर कि हमें मातृत्व का सम्मान करना चाहिये, जहां पर कि स्त्रियों का सम्मान और उनकी रक्षा की जानी चाहिये, वहां उन स्थानों को लोगों ने व्यापार का साधन बना लिया और इसीलिये आज हमारे देश में कोई अनाथालय या विधवाश्रम का नाम लेता है तो वह हेकड़ी की नजर से ही

[श्री रामश्वर अग्निभोज]

लता है, सम्मान की नजर से नहीं और इसी लिये श्री कैलाश बिहारी लाल जी ने ो बिल हमारे सामने रखा है, वह सही दिशा में एक कदम है। आज किसी भी सम्माननीय महिला से अथवा विधवा से कोई यह नहीं कहता कि तुम जाकर विधवाश्रम में रहो। जहां पर पुरुष का, जहां पर समाज का, जहां पर सास और ससुर का, जहां पर देवर और भौजाई का अत्याचार होता है और जिसमें स्त्री किसी भी रूप में अपना कोई सहायक या रक्षक नहीं पाती, उस समय लाचारी दर्जे उसको विधवाश्रम में जाना पड़ता है। कोई स्त्री विधवाश्रम में जाना पसंद नहीं करती क्योंकि विधवाश्रम में जाने से उसको कोई सम्मान नहीं मिलता। परन्तु जब समाज, कुटुम्ब, रिश्तेदार और आसपास के लोग या तो उसके प्रति निर्दय हो जाते हैं या उसके प्रति सहानुभूति खो देते हैं तब उसे लाचारी से विधवाश्रम में जाना पड़ता ह। तो मैं यह कहूं कि यदि ये विधवाश्रम कण्व ऋषि के आश्रम होते जहां पर शकुंलता पैदा होती तो इन आश्रमों का महत्व और ही होता, उनकी इज्जत बढ़ती, किन्तु ये आश्रम आज एक अजीब रूप धारण किये हुए हैं और जैसा कि डा० श्रीमती सीता परमानंद ने बिल रखा है, ये इम्मोरल ट्रैफिक के केन्द्र बन गए हैं स्त्रियों को बेच देते हैं, उनकी इज्जत बेच देते हैं और इस पर लोग बोलते हैं कि हम विधवाश्रम चलाते हैं।

इसी तरह से अनाथ बच्चों के विषय में कहूं। हमारे विशाल कवि कबीर, अनाथ थे। हमारे प्रातः स्मरणीय महाकवि तुलसीदास अपने बचपन में अनाथ थे। जब उनका ठीक प्रकार से लालन-पालन किया गया, उनका भरण-पोषण किया गया और सही रास्ते पर चलाया गया, तब आगे चलकर वे रामायण जैसे काव्य के रचयिता बने जो कि संसार में अमर है और जब तक हिन्दी भाषा और संसार जिन्दा रहेगा तब तक उनकी कृति अमर रहेगी। कबीर की वाणी जब तक हमारा हिन्दी संसार और हिन्दी बोलने वाले लोग हैं तब तक जिन्दा रहेगी। तो हम उन अनाथ बालकों में तुलसीदास पैदा कर सकते हैं, उनमें कबीर पैदा कर सकते हैं और देश के महान से महाननेता पैदा कर सकते हैं। परन्तु दुःख और आश्चर्य की बात है कि इन अनाथालयों में हम भिखारी पैदा कर रहे हैं, इन अनाथालयों में हम ऐसे बच्चे पैदा करते हैं जो हमारे लिए, हमारे राष्ट्र के लिये तो कलंक हैं ही, परन्तु उन्हें खुद अपने जीवन में गुलाम तथा भिखारी होकर रहना प ता है। मैंने ऐसे किस्से सुने हैं जहां अनाथालयों के बच्चे जानबूझकर अंधे कर दिए जाते ह और उनको अंधा बना कर दर दर घुमाया जाता है और ये बच्चे कहते हैं : "मैं अंधा हूं, मुझे भीख दो"। जब ये अंधे बालक कटोरा भर कर पैसा घर लाते हैं तो ये अनाथालय चलाने वाले उस पैसे का सिनेमा देखते ह। ऐसे लोग मौजूद हैं जिनकी बचपन में टांग तोड़ दी जाती है, लंगड़े-लूले बना दिये जाते हैं और उसके बाद उनसे भीख मंगवाई जाती है। ऐसी स्थिति में जब कि ये काम अनाथालय कर रहे हैं, क्या यह आवश्यक नहीं है कि सरकार का ध्यान इस ओर जाय और वह राष्ट्र की सम्पत्ति, राष्ट्र का सम्मान या राष्ट्र का व्यक्तित्व ऊंचा उठाये। स्वतंत्र होने के बाद भी हमारे देश में यदि भिखारी जिन्दा रहे तो हमारा स्वतंत्र राष्ट्र स्वतंत्र नहीं कहलाएगा, यह भिखारियों का देश कहलायेगा। क्या आप चाहते हैं कि आप स्त्रियों को और अनाथ बच्चों को भिखारी बनाकर इन अनाथालयों और विधवाश्रमों में रखें? मैं चाहता हूं कि इन आश्रमों में उनका अच्छी तरह लालन-पालन हो, उनमें आत्मसम्मान का उदय हो और इस तरह से सरकार उनका संचालन और संवर्धन और संगठन करे और उनके ऊपर देखरेख करे, जिससे कि हम इन आश्रमों को सच्चे आश्रम बना सकें, स्वांग नहीं। इन शब्दों के साथ मैं श्री कैलाश बिहारी लाल जी के प्रस्ताव का स्वागत करता हूं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जब यह बिल जनता के सामने और देश के सामने और विचारकों के सामने जायेगा तब देश में एक भी विरोध का मत नहीं होगा। १०० प्रतिशत पक्ष में मत देंगे। ऐसा विश्वास करते हुए मैं उनका पुनः अनुमोदन करता हूं।

श्रीमती सावित्री निगम (उत्तर प्रदेश) : उपाध्यक्ष महोदय, श्री कैलाश बिहारी लाल जी ने जो विधेयक रखा है, उसका जो उद्देश्य हैं, उससे तो शायद हम सभी सहमत हैं, किन्तु जिस रूप में वे यह विधेयक लाये हैं, मुझे अफसोस है कि शायद ही उसका कोई समर्थन कर सके। श्रीमन्, उन्होंने पहले ही क्लॉज ३ में जो यह लिखा है कि : "There shall be maintained and recognised in every district, town of a State at least one orphanage and one widows' home of any one of the

categories provided in sub-section (3)", तो मैं उनसे यह जानना चाहूंगी कि क्या यह हमारी कांपीटेंस के अंदर है कि हम किसी स्टेट को इस बात के लिये मजबूर करें कि वे जरूर ही एक ऐसा होम या आर्फ़नेज बनायें। यह मैं जानती हूं कि आजकल सोशल वेलफेयर बोर्ड ने एक बड़ी अच्छी योजना बनायी है, जिसके अनुसार वे हर डिस्ट्रिक्ट में एक एक छोटा होम और हर स्टेट में बड़ा बड़ा होम बनाने जा रहे हैं। मैं तो सोचती हूं कि हर स्टेट में एक नहीं बल्कि पांच, छः ऐसे बच्चों के और विधवाओं के होम्स होने चाहियें क्योंकि जैसा कि आज स्थिति है, एसा नहीं है कि हम ऐसे अनाथ बच्चों को या विधवाओं को किसी और तरह प्रोटेक्शन दे सकें, इसलिये ऐसे होम्स होने अवश्य चाहियें, इससे मैं सहमत हूं। परन्तु यह हमारे पालियामेंट की शक्ति में कहां तक है कि यह स्टेट्स को मजबूर कर सके, यह मेरी समझ में नहीं आता। इसलिये यह विधेयक किसी प्रकार भी यहां पास नहीं किया जा सकेगा, क्योंकि मैं सोचती हूं कि स्टेट्स में इसका विरोध होगा। मैं पहले समझती थी कि जैसा राजमाता कमलेन्दुमती शाह . . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Motion is only for circulation.

श्रीमती सावित्री निगम, : . . बिल लाई थीं, यदि यह बिल भी उन्हीं लाइंस पर होता तो मैं सोचती हूं कि इसे सर्कुलेशन में भेजना एक प्रकार से उचित होता और वे अपना उद्देश्य पूरा कर सकते थे।

श्री कैलाश बिहारी लाल जी ने यह जो नया विधेयक यहां पेश किया है, इसमें संदेह नहीं कि वे घबरा रहे हैं इस बात से कि कहीं ऐसे इंस्टीट्यूशंस का रजिस्ट्रेशन न किया जाय। लेकिन मैं उन से जानना चाहूंगी कि उनको इस सम्बन्ध में क्या एतराज है। इस बिल में रिकग्निशन का शब्द दिया हुआ है, रिकग्नाइज़ करने के लिये कोई न कोई डाक्यूमेंट लाना होगा तब ही उसका रजिस्ट्रेशन हो सकता है। किसी भी देश में इस तरह के इंस्टीट्यूशंस हजारों की तादाद में अच्छे उद्देश्य के लिये खोले जाते हैं, परन्तु खुलने के बाद उनकी जो दशा होती है, किस तरह से वे एक्सप्लाइटेशन के केन्द्र बन जाते हैं, यह चीज सर्व विदित है। किस तरह से इस तरह के केन्द्रों में बेचारे बच्चों का क्रय-विक्रय होता है और उनको भीख मांगने के लिये विवश किया जाता है, किस तरह से स्त्रियों को अनैतिक कामों को करने के लिये मजबूर किया जाता है, इस्तेमाल किया जाता है, सब को मालूम है। इन सब बातों को देखते हुए, मैं यह सोचती हूं कि यह एक नाजुक काम है। यह कितना अच्छा होता, अगर इस बिल में रिकग्निशन शब्द की जगह रजिस्ट्रेशन का शब्द रखा जाता।

मैं यह मानती हूं कि देश में बहुत अच्छे होम्स हैं और श्री कैलाश बिहारी लाल जी ने भी विडोज होम बनाया है। इस तरह के होम्स देखकर कोई भी यह कल्पना नहीं कर सकता है कि कोई भी आदमी दयनीय स्थिति में पड़ी हुई स्त्री या बच्चे को एक्सप्लाइट कर सकेगा। शायद उनको यह बात मालूम नहीं है कि देश में इस तरह के बहुत ज्यादा तादाद में होम्स मिल सकते हैं। इस सम्बन्ध में सोशल वेलफेयर बोर्ड की ओर से श्रीमती रामा राव ने जो सैम्पल सर्वे किया था, अगर हमारे मित्र श्री कैलाश बिहारी लाल ने उसकी रिपोर्ट पढ़ी होती, तो उनको यह मालूम हो जाता कि देश में बड़ी भारी संख्या में ऐसे होम्स हैं, जिनका उद्देश्य स्त्री-बच्चों को एक्सप्लाइट करना ही है। यह एक बहुत ही नाजुक मामला है, अतः जब कभी भी इस तरह के होम्स खोले जायें उन्हें पहले रजिस्टर कर लिया जाय। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो मैं समझती हूं कि यह अच्छा होगा कि इस तरह के होम्स न खोले जायं। जो भी होम्स खोले जाय, वे इस उद्देश्य से खोले जाय कि वहां पर लोगों का सुधार हो सके। इस उद्देश्य से न खोले जाय कि वहां पर स्त्री या बच्चों को एक्सप्लाइट किया जाय। मेरे कहने का अभिप्राय यह है कि जो भी होम्स खोले जायं, उनको रजिस्टर किया जाना आवश्यक हो।

इसके बाद मैं उनकी इस बात से सहमत नहीं हूं, जो उन्होंने चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट के बारे में कही। जो आदमी इतना उदार है, अपनी गाढ़ी कमाई का रुपया इस तरह की संस्थाओं की सेवा करने के लिये देना चाहता है, वह यह जरूर चाहेगा कि उसके एक-एक पैसे का अच्छी तरह से इस्तेमाल हो। अतः उस आदमी को गारन्टी दिलाने के लिये यह आवश्यक है कि चार्टर्ड एकाउन्टेंट का कंट्रोल उस संस्था के

[श्रीमती सावित्री निगम]

हिसाब-किताब पर अवश्य होना चाहिये। इसमें किसी को अपने सम्मान या अपमान की बात नहीं सोचनी चाहिये, बल्कि उसको यह समझना चाहिये कि हम स्त्री और बच्चों के मामले में जो सबसे बढ़िया सेफगार्ड है उसको अपनाने जा रहे हैं।

श्री कं० बि० लाल : मैं चार्टर्ड एकाउन्टेंट को रखने के खिलाफ नहीं हूं। मेरे कहने का अभिप्राय यह है कि जिन संस्थाओं की आमदनी २५ हजार से ज्यादा हो या जिनका बजट लाखों में जाता हो, वे इस तरह की व्यवस्था कर सकते हैं।

श्रीमती सावित्री निगम : श्रीमान्, मेरा निवेदन तो यह है कि देश में जो भी होम्स खोले जायं वे इस तरह के होने चाहियें जहां पर बच्चों और स्त्रियों की शिक्षा-दीक्षा का अच्छी तरह से प्रबन्ध हो, जहां पर उनके खाने, कपड़े और उनका भविष्य उज्ज्वल बनाने का समुचित प्रबन्ध हो, जिन होम्स की सालाना आमदनी २५ हजार रुपया न हो उनको तो बन्द ही कर दिया जाना चाहिये। अगर इन चीजों का प्रबन्ध इन होम्स में नहीं किया जाता है तो उनको खोलने की इजाजत भी न दी जानी चाहिये। अगर २५ हजार से ज्यादा सालाना आमदनी वाले होम्स खुलेंगे तब ही वे स्त्रियों और बच्चों की अच्छी तरह से शिक्षा-दीक्षा, उनके जीवन, उनके शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास का उचित प्रबन्ध कर सकेंगे।

इसके अतिरिक्त, श्रीमन्, उन्होंने क्लॉज ५ को डिफाइन करते हुए यह कहा कि स्टेट्स में भी इस तरह के बोर्ड्स बनाये जाने चाहियें जो स्टेट एडेड और प्राइवेट हों। मैं सोचती हूं कि हम लोग इस तरह का आदेश स्टेटों को किस तरह से दे सकते हैं। हमें इस तरह का आदेश देने का कोई हक नहीं है हालांकि यह एक बहुत अच्छा उद्देश्य है, जैसा कि श्री कैलाश बिहारी लाल जी ने अपने भाषण में बयान किया। लेकिन मैं यह सोचती हूं कि यह बात हमारी शक्ति के बाहर है।

श्रीमन्, क्लाज ४ में आरफनेज और विडोज होम्स के बारे में उन्होंने जो बातें कहीं, उन से मैं सहमत हूं। मगर आज देखने में यह आ रहा है कि देश में इस तरह के जो अनाथालय या आश्रम हैं, वे एक तरह के मठ बने हुए हैं जहां पर धर्म का प्रचार किया जाता है, लोगों पर धर्म जबरन लादा जाता है और कई तरह की बातें की जाती हैं। इस तरह के मठों में जो स्त्री या बच्चा अपनी दयनीय स्थिति के कारण पहुंच जाता है उसको हर तरह से एक्सप्लाइट किया जाता है। मैं सोचती हूं कि इस तरह की बातें बिल्कुल अनुचित हैं।

इसके बाद उन्होंने बोर्ड के कान्स्टीट्यूशन के बारे में जो बात कहीं उसको सुनकर मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। मैं सोचती हूं कि इस बोर्ड में कम से कम एक स्त्री को अवश्य रखा जाना चाहिए था। मैं तो यहां तक कहूंगी कि यह बहुत ही अच्छा होता कि इस बोर्ड में सब की सब स्त्रियां ही होतीं, अगर जरूरत होती तो एक पुरुष को भी रख लिया जाता।

श्री कं० बि० लाल : मैंने मैनेजिंग कमेटी...

श्रीमती सावित्री निगम : मैं यह चाहती थी कि वे बोर्ड के बारे में पूरी तरह से डिफाइन कर देते और उसमें लिख देते कि जो विडोज होम्स होंगे, उनमें चपरासी से लेकर डाइरेक्टर तक स्त्रियां ही होंगी। श्रीमन, आप यह भली भांति जानते हैं कि इन बेचारी अनाथ स्त्रियों की कैसी मानसिक स्थिति होती है और उसको वास्तविकता में लाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में चाहे कितने ही उच्च कोटि और चरित्र का व्यक्ति क्यों न हो, लेकिन विडोज होम्स का चलाना, निरीक्षण करना, सुयोजन करना, बहुत ही कठिन काम है, जो कि पुरुष अच्छी तरह से नहीं कर सकता है। इसका कारण यह है कि उन बेचारी अनाथ स्त्रियों को इन होम्स में इस तरह का वातावरण मिलना चाहिये, जो लड़की को अपने घर में मां से मिलता है। अगर इस तरह के होम्स में संचालिका स्त्री ही बनाई जाती और इस बिल में इस तरह की कोई व्यवस्था होती तो मैं सोचती कि श्री कैलाश बिहारी जी ने बड़ी दूरदर्शिता का परिचय दिया है।

इसके अतिरिक्त मैं यह भी कहना चाहती हूं कि उन्होंने अपने विधेयक में यह कहा है कि हम लोगों को इस तरह के मौरल इंस्टीट्यूशंस बनाने चाहियें। मैं समझती हूं कि उनको इस बात में किसी को भी एतराज नहीं होगा, यह बहुत ही अच्छी बात है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने रिकग्निशन को विद्ड्रो करने की बात कही। मैं समझती हूं कि उससे सब लोग सहमत होंगे। लेकिन मैं उनसे फिर कहूंगी कि यह कितना अच्छा होता कि सर्कुलेशन के पहले इस विधेयक पर और दोबारा विचार कर लेते और विचार करके इन्हीं लाइन्स पर बना लेते ताकि यह इसी समय पास हो जाता। बजाय सर्कुलेशन में भेजने के और बजाय इसके कि फिर वह अमेन्डेड शक्ल में यहां आवे, इसको इस समय ही पास कर देना चाहिये था क्योंकि इस विषय में कोई दूसरी राय नहीं हो सकती कि इस तरह की संस्थाओं का संचालन अच्छा होना चाहिये। अगर उनका संचालन अच्छा नहीं है तो उन्हें बन्द कर दिया जाना चाहिये। आज देश में इस तरह की जो संस्थाएं हैं उनकी स्थिति बहुत ही दयनीय है और देश के लिए एक कलंक है। इसलिए, मेरा फिर से यह निवेदन है कि बिल को सर्कुलेशन में भेजने के बजाय उसमें आवश्यक सुधार करके पास कर दें। उसके बाद आप सर्कुलेशन के लिये भेजें या न भेजें, यह आप पर निर्भर करता है। किन्तु हम सब लोग इस तरह के विधेयक का हार्दिक समर्थन करेंगे।

श्रीमती मायादेवी छेत्री (पश्चिमी बंगाल) : उपाध्यक्ष महोदय, श्री कैलाश बिहारी लाल इस समय सदन में जो बिल लाये हैं, उसका मैं स्वागत करती हूं। इस बिल का स्वागत मैं इस लिये करती हूं कि ऐसा बिल बहुत पहिले ही आ जाना चाहिये था क्योंकि भारतवर्ष में हम लोग आज तक पराधीन रहे थे, हमारी मैन्टेलिटी पराधीन थी और हमारे हाथ भी पराधीन थे, इसलिये हम अनाथ स्त्री और बच्चों के लिये कुछ भी अधिक नहीं कर सकते थे और किसी प्रकार का विशेष ध्यान नहीं दे सकते थे। पर आज हमारा देश स्वाधीन हो गया है और स्वाधीन होने के बाद हम लोग पालियामेंट में आये। इसलिये प्रत्येक मेम्बर को यह सोचना चाहिये कि देश के लोगों को किस तरह से ऊंचा उठाया जाना चाहिये। जो देश में अनाथ बच्चे और स्त्रियां दयनीय हालत में हैं उनको उठाने के लिये हमें कोई कसर बाकी नहीं छोड़नी चाहिये। इसी उद्देश्य को लेकर यह बिल लाया गया है जो कि बहुत ही अच्छा है और हम सब लोगों को स्वीकार करना चाहिये। और यह बिल सर्कुलेट होने के लिये स्टेटों में जा रहा है। हम तो यह आशा करते हैं कि कोई भी स्टेट ऐसी नहीं हो सकती है जो कि इस बिल का स्वागत न करे; बल्कि आशा है, स्वागत ही करेगी क्योंकि ऐसा तो नहीं है कि कोई भी स्टेट ऐसी मनोवृत्ति को ले कर काम करती हो कि हमारे स्टेट में जो बच्चे हैं, जो अनाथ हैं, उनको हम सहायता न दें। तो सर्कुलेशन के बाद जब यह बिल यहां पर आयेगा तब हम आशा करते हैं कि इसके लिये सेलेक्ट कमेटी बैठेगी और वह इस पर पूरी तरह से विचार करेगी। अभी हमने इस बिल को अच्छी तरह नहीं पढ़ा है और ठीक से कह नहीं सकते हैं कि इसमें क्या बात रखी गई है, क्योंकि अभी यह बिल सर्कुलेट होने के लिये स्टेट में जायगा, उसके बाद फिर यहां आयेगा और उसके लिये सेलेक्ट कमेटी बैठेगी जो कि इसके ऊपर क्लॉज बाई क्लॉज अच्छी तरह से विचार कर के इसको फिर पालियामेंट में पेश करेगी और तब हम लोग इस पर बहस करेंगे। हमें आशा है कि हमारे जितने सहयोगी मेम्बर्स हैं, सदस्य हैं, वे इस प्रस्ताव को अपनी सहमति देंगे ताकि यह बिल सर्कुलेशन के लिये स्टेट में जा सके।

महोदय, श्री कैलाश बिहारी लाल जी ने जो बिल हमारे सामने रखा है, उसका नाम "आरफ़नेजेज एंड विडोज होम्स बिल" रखा है। हम चाहते हैं कि इसमें "विडोज" का शब्द आप न लायें क्योंकि "विडोज" का शब्द लाने से यह होगा कि हिन्दुस्तान में जितनी भी विडो स्त्रियां हैं, विधवा स्त्रियां हैं, वे सब इसके अन्दर आ जायेंगी और जो भी कोई इस बिल को पढ़ेगा वह यही समझेगा कि यह एक ऐसा बिल है जिसमें कि सारी विडोज को शामिल कर लिया गया है, इसलिये हम चाहते हैं कि "विडोज" शब्द इसमें न रखा जाय। "आरफनेजेज" शब्द ठीक तो है, लेकिन अगर "आरफनेजेज और विडोज" दोनों शब्दों को काट दें तो अच्छा है और उसकी जगह पर कुछ "अनाथालय" ऐसा शब्द लायें। "अनाथालय" के माने यह होते हैं कि जो अनाथ बच्चे हैं, जिनका कोई गार्डियन नहीं है, उनके लिये होम्स। तो इस "अनाथालय" शब्द में जो ऐसे अनाथ हैं, वे और जो विडोज हैं जिनके कि पति नहीं हैं और जिनको देखने-भालने वाला कोई नहीं है, दोनों आ जायेंगे। जो इस तरह की विडोज हैं वे भी आश्रम में रह सकती हैं और बच्चों की देख-भाल कर सकती हैं या गृहस्थी का और कोई काम कर सकती हैं। इसलिये मेरा कहना है कि इसमें "अनाथालय" शब्द रखा जाय। मेरा यह भी कहना है कि जो इस तरह के अनाथालय

[श्रीमती मायादवी छेत्री]

हों, वहां खेती-बारी का काम भी हो जिसमे कि जो विडोज वगैरह उसमें हों वे उस काम को कर सकें। इसलिये श्री कैलाश बिहारी लाल जी से मेरा अनुरोध है कि अगर इस बिल का यह नाम बदल कर के इसका नाम "अनाथालय" बिल रखा जाय तो बहुत अच्छा होगा।

मैं पहाड़ी जिले के एक कोने से आती हूं और वहां की दशा को मैं देखती हूं कि वह क्या है। वहां जितने ऑरफ़ंज हैं, उनके लिये प्राइवेट इन्स्टीट्यूशंस हैं लेकिन, जैसा कि अभी अग्निभोज जी ने बताया है, उनका जिस तरह से काम होना चाहिये, उस तरह से नहीं हो रहा है, उनका प्रबन्ध ठीक तरह से नहीं चल रहा है। हम सब लोग देख रहे हैं कि विदेशों से, बाहर से लोग आ कर वहां उनको क्रिश्चियन बना रहे हैं। जितने बच्चों को ले कर वे होम्स बना रहे हैं उन सब को, उन बच्चों को, वहां पर क्रिश्चियन बना रहे हैं। वे इस उद्देश्य से होम्स नहीं बनाते हैं कि उसमें अच्छे से अच्छे नागरिक बनें बल्कि उसको इस उद्देश्य से बनाते हैं कि किसी तरह से उनकी संख्या बढ़े और किसी तरह से उनके इंस्टीट्यूशन का नाम हो सके कि यह लोग हिन्दुस्तान में आ कर के यह सब काम कर रहे हैं। मैंने ऐसे होम्स को विजिट किया है और मैंने देखा है कि वहां पर बच्चों का जैसा पालन-पोषण होना चाहिये, वैसा नहीं हो रहा है। हम लोगों के लिये यह कोई सम्मान की बात नहीं है कि आज हमारे हिन्दुस्तान में बाहरी लोग, समुद्र पार के लोग आ कर के हमारे अनाथ बच्चों की रक्षा करें। वे लोग जो हमारे अनाथों की रक्षा कर रहे हैं यह हमारे लिये कोई शोभनीय बात नहीं है। इसलिये यह जो बिल आया है उसका मैं समर्थन करती हूं। हमें अपनी तरफ से अनाथों की रक्षा करनी चाहिये और गवर्नमेंट को भी अपनी तरफ से उनकी रक्षा करनी चाहिये। स्टेटों में जितने अनाथालय बनते हैं, उनकी सहायता गवर्नमेंट को कम से कम एड दे कर के करनी चाहिये। इस बिल में क्या इंक्लूड करना है और क्या एक्सक्लूड करना है, यह तो बाद में देखा जायगा और अभी सिर्फ इसका सर्कुलेशन होना है, इस वास्ते मैं इस बिल का समर्थन करती हूं।

SHRIMATI T. NALL.AMUTHU RAMAMURT1 (Madras): Sir, the Orphanages and Widows" Homes Bill introduced by the hon. Member, "Shri Kailash Bihari Lall has been brought forward with the best of intentions. The Bill goes into various details and definitions of the inmates that would be there in this home and clause after clause, of the controlling authority, its different kinds and, in fact, even to the form of application that should be there for recognition of such institutions. I congratulate the hon. Member for the pains he has taken and for the great interest he has evinced in this very much needed cause of protection and proper handling of the orphans and widows.

Sir, we have been managing such homes and I am speaking here from experience. We have been managing this kind of institution for the orphans and we do not even call 'widows' by the name of widows but by other names—adult women, deserted wives and so on—for the past so many years on a voluntary basis helped by those who felt for the suffering humanity in this direction, young children and adult women of all ages. And we found from experience that even to apply the word 'anatha' orphan was very painful so far as the children were concerned and to apply the word widow was painful to the women concerned. So, we have been trying our level best to find some heading by which we name such institutions— "Karuna Nilayam", the abode of mercy or charity or grace, something like that. We are putting all our heads together to evolve a suitable title. The managements in various parts of the Madras State as well as the socially interested conferences like the All India Women's Conference are trying their level best to do away with these terms.

The Central Social Welfare Board has already begun its survey of such institutions and forms of application are prescribed, and they go not only into the audited accounts of the past five years but they have asked for the history of what has been done since the origin of the institution, the income, expenditure and so on. So.the history of the institutions is examined thoroughly. They have already started that and they are doing that.

From the point of view of the management of these institutions, what better qualified persons could you find in managing these homes for the children and for the unfortunate suffering women than a "panel of women" interested in such work helped by their menfolk ? That is the tradition, that is the history of management of these institutions. In fact children are left within our precincts without anybody knowing who brought them there, and they have blossomed into flowers, into lotuses, into genius, in the sense that we had been able to discover their talent. We do not even ask in the orphanage we run in Madras the category from which the child comes unless it is mentioned to us by somebody, and we take the child irrespective of caste, irrespective of creed, irrespective of anything concerning its background, because we do not believe in legitimacy or illegitimacy being projected before a child. So, lik* tender flowers these children are handled, and the poor unfortunate women who come into the precincts of the homes are treated very kindly. If only we could write the history of every child and every woman who had come into the Homes, it will be an epic in itself for all the world to study, because such is the experience they have gone through before they come into the portals of such institutions in this country—1 do not know about other countries—in the institutions we have managed.

Having said so much. I will not go into details, because we do undertake the responsibility; the women who constitute the Trust Board to find money for running these orphanages are women from all classes of society who give their time and devoted service to the cause of these children and women, who bring money and who help in every way. Recently the Central Board has jiven grants on certain recognised basis. I will not go into the details of whether the Board has done all that it should, but it has started and it is there—the Central Social Welfare Board—of which we women are certainly proud. I want to pay my tribute to Shrimati Durgabai for having started a survey of such institutions. We take small children up to a certain age. Girls, and when they reach a certain age, we find out their aptitude and direct them to any avocation they please, as teachers, as matrons, as nurses of various hospitals, as artists if they are so inclined, as music teachers in schools if they are musicians and then, if they are very good in handicrafts, to such avocations. Whatever their desire or aptitude is, we discover that, as in the case of a normal child, as in the case of our own children, as if they had been born to ourselves. That is the way we treat them, and when they come to a certain age and if some socially inclined person comes to the orphanage and asks for the hand of any of these girls, we do see that all things are satisfactory and give her in marriage. If there are some distant relations of hers living- We consult them. Such girls are all well settled in life, as very happy mothers with children.

Now, coming to some of these clauses, 1 wonder why a widow should mean "a woman who has no husband or anybody to look after her and may-include a married woman who has been abandoned by her husband an<i neglected by other relations". Why should a woman who has been married be called a widow ? It is the height of sacrilege for any marriedi woman to be called a widow whose husband had just abandoned her; he might come back alive, he might have gone somewhere by accident. 1 have heard of cases of twenty years of separation and suddenly the husband returns and the woman worships him as God. For a Hindu woman, who is married and whose husband had just abandoned her, to be called a 'vidha-va' or widow is the height of sacrilege. I am not saying that, our friend did that with that meaning, but still I am pointing this out. It was a shock to me when I saw that definition here, and so many categories are included in the term 'widow'. Are we simplifying the language by this process .' Then, "widows' home" means an institution, by whatever name it ma>

[Shrimati T. Nallamuthu Rama-murthi.] be called, where widows or females of any age are kept or are intended to be kept for care. Females of any age? That is taking the law into your own hands when you want to include females of any age. It is shocking.

Sir, I do not want to take much time. But there is another clause here—clause 5: "The orphanages and widows' homes under categories (i) and (ii) mentioned in sub-section (3) of section 3 may impart moral lessons culled from all the important religious precepts of the world on the model of Mahatma Gandhi's prayer". Any properly run orphanage, especially run by devoted women, would place such teachings before children. I have great respect for the Father of the Nation. Had he lived, he would have said more or less the same thing as I am voicing here, the voice of the womenhood of India, that the best precepts and teachings of all great masters should be pla:ed before the children when they are being taught religious or moral lessons. Into our blood the streams of all the cultures of the world flow, and let it not be said of our country and especially of the institutions managed by our women that we are exclusive or narrowminded. I would welcome all the best that is there in the world to be placed before our young.

There are many more clauses here -for instance, the clause relating to a managing committee. A managing committee is bound to be there when there is an institution. Then clause 17 —"every orphanage or widows' home shall make suitable arrangements for the lodging, clothing, feeding" etc.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The motion is for circulation for public opinion.

SHRIMATI T. NALLAMUTHU RAMAMURTI: Then 1 do not understand this clause 20: "Within a fortnight of the occurrence of the death of any inmate or change in the personnel in immediate charge of the administration of any orphanage or widows' home, the committee of management shall give written notice thereof to the Chairman provided that the incident of a sudden death shall be reported immediately". Then 21(1): "Every orphanage or widows' home in respect of which a recognition has been granted under section 6 shall, besides the routine inspection by the Chief Inspector at the interval of every six months, be inspected by the District Magistrate or any other officer of the State Government", etc. Why a District Magistrate ? Is it police inspection ? 'Karunanilayams*, these institutions of love and mercy, why should they be inspected like this ? What is the need for this ? For all these reasons and for the reason that steps have already been taken by voluntary social welfare organisations and the All-India Women's Conference in their various branches where women are working strenuously for tlie promotion of such well being of the children and the unfortunate adult women in the country and also because of the amount of work that has already been done by the Central Social Welfare Board and the work that is going to be done by it, I feel. Sir, that this Bill is not necessary. With all respect to the sponsor of this Bill, I would request him that, while some of the points raised are very good for publicity and for educating those who may not have probably known many things about the running of these institutions, the Bill may be dropped.

श्री राम सहाय (मध्य प्रदेश) : उप सभापति महोदय, मैं इस बिल का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। इसमें कोई शुबहा नहीं है जैसा कि मायादेवी जी ने कहा था—कि यह बिल बहुत पहले ही आ जाना चाहिये था। वास्तव में इस बिल के आने में देर हुई है, इसमें कोई शक नहीं है। अभी श्रीमती सावित्री देवी जी निगम न श्रीयुत कैलाश बिहारी लाल जी पर कुछ एक आक्षेप सा किया था और उनका मतलब यह था कि अगर वे किसी रिपोर्ट को—जिसका श्रीमती निगम ने जिक्र किया—देख लेते तो शायद उन्हें इस बिल की आवश्यकता नहीं होती। मुझे ताज्जुब होता है कि उनकी ओर से इस प्रकार के रिमार्क्स आज ही नहीं

अक्सर आया करते हैं। वे इस वक्त अपनी सीट पर नहीं हैं, मैं उन्हें यह बताना चाहता था कि उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि जितनी उनकी उम्र है, उतना ही हमारे कैलाश बिहारी लाल जी का विधान सभाओं का अनुभव है और इन इंस्टीट्यूशंस का तो उन्हें सक्रिय अनुभव है जिनके बारे में उन्हों ने बिल पेश किया है और जिसके बारे में श्रीमती जी ने ऐतराज किया है। संभव है उस रिपोर्ट को देखने से उन्हें कोई खास बातें मालूम हुई हों, लेकिन उन लोगों को जिनको प्रेक्टिकल अनुभव होता है, उनके बारे में ऐसे रिमार्क्स हाउस में कहना कुछ अच्छा प्रतीत नहीं होता। मेरा यह निवेदन है कि इस वक्त यह बिल मुश्तहिर करने के लिये है और ऐसी स्थिति में इसकी हर एक धारा के ऊपर, हर एक बात के ऊपर बहस करना गैर जरूरी सी चीज है। इस वक्त हमें देखना यह है कि हमारे देश में इस बिल की आवश्यकता है या नहीं। मैं समझता हूं, अभी तक जो स्पीचेज हुई उनमें से एकआध को छोड़ कर स्वयं श्रीमती सावित्री देवी निगम जी ने भी इस बात का एहसास और इज़हार किया है कि इस बिल में कुछ बातें अच्छी हैं। मैं भी ऐसा समझता हूं कि यह बिल बहुत अच्छा है, यह पब्लिक ओपिनियन के लिये जाना ही चाहिये। इस बारे में अभी अग्निभोज जी ने काफी प्रकाश डाला है कि देश में इस बिल की क्यों आवश्यकता है और यह कि किस प्रकार से देश में अनाथालय आदि कायम हैं और उनमें किस प्रकार करप्शन इत्यादि की बातें होती हैं। उस पर नियन्त्रण करने के लिये इस बिल की क्यों जरूरत है, इस पर मैं ज्यादा तफसील से नहीं जाऊंगा।

इस बिल में स्टेटस के बारे में एक वैधानिक आपत्ति बतलाई गई कि उनको कैसे मजबूर किया जा सकता है। एक हफ्ता हुआ, जब श्रीमती निगम ने अपना एक प्रस्ताव पेश किया था, सदन में उसका समर्थन हो रहा था, उस वक्त भी इसी प्रकार की आपत्ति उठाई गई थी। लेकिन श्रीमती निगम ने स्वयं यह बात कही थी कि ऐसा एतराज व्यर्थ हैं और बोर्ड ऑफ सैकिंड्री एजूकेशन की मिसाल दी थी। अभी तो यह बिल सर्कुलेशन के लिये ही भेजा जा रहा हैं। जब वह सुधर कर नये रूप में आयेगा, तब इस बिल के सम्बन्ध में कुछ कहा जा सकता है। इस समय कोई खास बात कहने की आवश्यकता नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम आम तौर पर स्त्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर कानून बना रहे हैं। स्त्री के घर से बाहर निकलने पर उसकी रक्षा के लिये, उसकी कठिनाइयों को दूर करने के लिये इस बिल द्वारा जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह बहुत ही सराहनीय है। अभी हमने जो उत्तराधिकार का बिल पास किया जिसमें हमने यह बात तय की है कि पुत्री को अपने पिता की जायदाद में हक मिलेगा, स्थान मिलेगा, स्त्रियों की सुरक्षा को सामने रखकर ही बनाया है। इस समय हमारे देश में इस तरह की संस्थाओं की जो हालत है उसको देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता है कि इस तरह के बिल की इस समय जरूरत नहीं है। आज भी हम छोटे-बड़े शहरों में देखते है कि छोटे-छोटे अनाथ बच्चे बाजा लेकर बाजारों में घूमते हैं। लोगों ने एक तरह का धंधा बना लिया है। ये बच्चे घर-घर जाकर बाजा बजाकर भिक्षा और दूसरी चीजें मांगते हैं जो कि हमारे लिये एक लज्जा की बात है। जैसा कि सदन में बहुत से माननीय मेम्बरों ने कहा कि हमारा देश अब स्वतंत्र हो गया है और स्वतंत्र देश के नागरिक इस तरह मारे-मारे फिरें और अनाथालयों की शरण लें, यह हमारे लिए एक लज्जा की बात है और फिर वहां, अनाथालयों में भी उनका दुरुपयोग हो यह और भी बुरी बात है। जिन कारणों और कठिनाइयों की वजह से स्त्रियां और बच्चे इस स्थिति में पहुंचते हैं, उन्हें दूर करना हम सब लोगों का कर्तव्य हैं। बेसिकली (basically) जिन बातों की जरूरत है, उनके लिए हमारा ध्यान अवश्य है और इस सम्बन्ध में आवश्यक सुधार हो रहे हैं और कुछ कर भी दिये गये हैं।

इस समय हमारे देश में इस तरह की बहुत सी संस्थाएं हैं जिन से समाज को लाभ भी होता है और उसमें बुराई भी पैदा होती है। जहां तक बुराई का सम्बन्ध है उन्हें दूर करने के लिये हमें आवश्यक कदम उठाने चाहिये। हमारा यह पहला कर्त्तव्य होना चाहिये कि समाज में जो बुराइयां हैं, उन्हें पहले दूर किया जाना चाहिये। मैं इस बिल के सम्बन्ध में ज्यादा डिटेल पर जाना आवश्यक नहीं समझता हूं। यहां पर मैं इतना ही निवेदन करूंगा कि जो मोशन इस समय हमारे सामने आया है, उसे अवश्य पास किया जाना चाहिये। इस बिल में विधवा के नाम पर कुछ आपत्ति की गई है कि वह जिस प्रकार से रखा गया है, वह ठीक

[श्री राम सहाय]

नहीं है, लेकिन अभी तो यह बिल पब्लिक ओपीनियन को जायगा। जब यह सर्कुलेशन के बाद सुधरे रूप में आयेगा तब जो कमी रह जायगी, वह दूर की जा सकेगी। मैं सदन का ज्यादा समय न लेते हुए केवल एक निवेदन करना चाहता हूं कि श्री कैलाश बिहारी लाल जिस संस्था के संचालक और संस्थापक हैं, उसे वे २० वर्ष से चला रहे हैं। हमारे पूज्य राष्ट्रपति महोदय भी इस संस्था को तीन बार देख चुके हैं। उन्होंने इस संस्था की सब बातों को अच्छी तरह से देखा और इस सम्बन्ध में उन्होंने जो रिमार्क लिखे वे बहुत अच्छे हैं। हमारे देश के जो गण्यमान लोग हैं जैसे श्री लाल बहादुर शास्त्री, स्वर्गीय श्री जमनालाल बजाज और उनकी धर्मपत्नी, उन्होंने भी यह संस्था देखी। देश के जो दूसरे बड़े-बड़े नेता हैं जो वहां गये, उन्होंने इसके सम्बन्ध में जो विचार लिखे हैं उसी अनुभव के आधार पर यह बिल पेश हुआ। मैं समझता हूं उन पर हमें विचार करना आवश्यक है। मैं सदन का अधिक समय नहीं लूंगा और अंत में फिर यही निवेदन करूंगा कि हम सब लोगों को इस मोशन को पास करना चाहिये।

SHRI B. K. P. S1NHA: Mr. Deputy Chairman, it is a great pleasure to support this Bill of Shri Kailash Bihari Lall. Members have been unanimous in praising the purpose of this Bill. The purpose is laudable. But one of the hon. Members from Uttar Pradesh raised two objections that this House was not competent Io enact this legislation. Sir, you rightly pointed out that this is not being legislated upon yet but is simply being circulated for eliciting public opinion. Even if we were to exercise here the normal power of legislation 1 feel that this Bill would not be beyond the purview of the powers of the Union. I am told that there is no item in the Union List which empowers us—the Parliament of India—to legislate upon this subject. I am afraid that it is a wrong approach to the Constitution. The Constitution confers certain powers on the States. It goes into detail and enumerates the items on which the States are competent to legislate. Thereafter it defines the field where the powers are concurrent. Lastly, it comes to the Union List. The Union List also is laid down in great detail. But there is at the end of the Union List item 97 which lays down that any subject which does not figure either in List II, that is the State List, or in List IIL that is, the Concurrent List, will be within the purview of the powers of the Union, both legislative and executive. I have been at pains to find out if there is any item in the State List which covers this subject and in spite of my laborious search I have failed to find any item which covers this subject. In the circumstances the Union is fully competent to legislate on this subject.

The second objection raised by the hon. Member from U.P. was as to why we should burden the States. Are we really burdening the States? We are, to some extent. But the point is that this Bill draws a fine balance between the legislative and executive powers of the Union and the financial autonomy of the States. The Bill in clause 1(3) lays down that this will come into force in the States on the dates that the States desire. It is only when the States shall feel themselves competent to bear the burden that this Bill will become prevalent in their States. So this is not being forced on; the States. Even if this is enacted, it leaves them the option to enforce *this*-in their territories. If they are prepared to shoulder the financial burden, they will enforce it in their territories; if not, they shall not. So the fears on. the ground of imposing unwarranted financial burdens on the States is not, in my opinion, justified.

Sir, I have met some of the weighty constitutional objections raised by the hon. Member from U.P. and raised last time by the hon. Minister. This is-not the last word on this measure. The contents have to be improved; I agree there, but only the 'i's have to be dotted and 't's have to be crossed. That does not detract from the excellence of this Bill. It has yet to pass through many stages—at least two or three stages—before it can become law. Public opinion has been invited and in the light of that public opinion we can introduce changes and improve-

merits in it. Thereafter this Bill has to pass through the Select Committee stage; there also it can be improved and when finally it comes up and is placed on the legislative anvil, we, sitting here as the representatives of this great country, can introduce good and proper amendments and improvements. Simply because the Bill is introduced, it does not mean that it is perfect in all respects. I do not think it should be ground for throwing it out. Sir, this Bill is essential and necessary.

We know that India, in spite of all that we have been doing for the last six years after independence, is a country of the poor with people verging on beggary. We know that the fate of children, especially unwanted children, is tragic and in this age it is our common experience that mothers very often desert their children in rail compartments and, in increasing numbers, in hospitals. There is no provision for the care of these children. Sometimes, benevolent people pick them up and bring them up. But very often they are thrown on the streets and mushroom bodies, commercial bodies styling themselves with dignified names and calling themselves orphanages, pick those children up. Their life in these orphanages is hard. They receive no education ; they are not properly looked after and the guardians of those institutions, the self-appointed managers of those institutions, train those boys as beggars ; very often they are trained as pick-pockets also. That is the tragic fate of these children in this country. And no less tragic is the fate ef women. I feel nervous when T refer to women in these days of equality of women. They have been given equal rights. They think that they are equal to men in all respects. But what Nature proposed," man cannot dispose. We may give them equal rights but if Nature made them different, they shall be different in certain respects. They need greater protection, greater care and greater affection and in this cruel society many a woman is thrown on the steets. They find life difficult; very often they gravitate into

professions which do no credit either to Indian womanhood or to Indian manhood. It is discredit to this great country. Sometimes they are picked up by institutions which are known as Widows' Home or Women's Home. I agree with Mrs. Ramamurti when she says that the word 'widow' is not proper. Let us call it Women's Home. Many of these Women's Homes or Widows' Homes—I am ashamed to say—are run on a commercial basis. They are hotbeds of corruption; they are dignified brothels. While the State has been doing a lot to check the mischief and the corruption and to improve the deficiencies, we have not yet been able to achieve what we should have achieved. It is, therefore, necessary that there should be a general law dealing with this subject, a general law which prevails throughout India. I feel, however, that in certain respects this measure can be improved. I do not know why Shri Kailash Bihari Lall in clause 1(2) excludes Part C States from the operation of this Bill. We have an obligation in this matter to the whole of India and our obligations are greater in respect of Part C States or what are now known as Union Territories and precisely because of that, Part C States should not have been excluded. There are, however, certain welcome features in this Bill and Mr. Kailash Bihari Lall is to be congratulated in that he has tried to give a firm basis to our secular constitution by providing in this Bill that those institutions which receive State aid shall not impart religious or sectarian education to the persons who are confined to their care. The management of these institutions is sought to-be put on a more scientific and rational basis, and I must praise the mover for his efforts to see that these institutions* instead of being suspects, are properly managed hereafter and treated on the same "footing as educational institutions.

This Bill has some extremely good features. No doubt it has imperfections, for nothing that is born of human endeavour can be perfect, but I feel that, when it goes through the legislative process or the pre-legislative

[Shri B. K. P. Sinha.]

process, it will be considerably improved.

I assert that we are competent to legislate and we should legislate for this. Thank you.

شری پیر محمد خان (جموں اینڈ کشمیر): جناب ڈپٹی چیرمین صاحب - اس بل کے سلسلہ میں میں گورنمنٹ آف انڈیا کے سوشل ویلفیر بورڈ کے متعلق کچھ بتاؤں گا - جہاں تک میرا خیال ہے اس غرض کے لئے سوشل ویلفیر بورڈ کو سیکنڈ فائیو ایر پلان کے لئے ۱۵ یا ۱۸ کروڑ روپیہ گورنمنٹ آف انڈیا کی طرف سے امداد دی گئی ہے - سوشل ویلفیر بورڈ کے ہر ایک اسٹیٹ میں بورڈ بنے ہوئے ہیں جو اسٹیٹ ایڈوائزری بورڈ کہلاتے ہیں - ایسا انسٹی ٹیوشن خواہ وہ نیا بنانا ہو یا پہلے سے کام کر رہا ہو اس کو بڑی آسانی سے سینٹرل بورڈ سے مدد مل سکتی ہے اور اس کا طریقہ یہ ہے کہ ایسا انسٹی ٹیوشن پہلے اپنے آپ کو رجسٹر کرائے پھر اپنا ایک پروگرام اپنے تمام ورک کے متعلق تیار کر کے ایک پرفورما پر ایک درخواست بنا کر اسٹیٹ بورڈ کو دے - اس میں دو ایک چیزیں یہ ہیں کہ وہ سینٹرل بورڈ سے جو مدد لے گا اس میں اس کو اپنی طرف سے بھی کچھ چندہ کرنا ہوگا - یہ جہاں تک میرا خیال ہے ۵۰ پرسینٹ ہوگا - اور وہ چندہ جو انسٹی ٹیوشن کو اپنی طرف سے کرنا ہوگا اس میں وہ ان چیزوں کو کاونٹ کرے گا جیسے اس کی سروسیز - مکان لیبر اور نقدی - اسٹیٹ ایڈوائزری بورڈ اس کے حساب کو اچھی طرح چیک کرکے سینٹرل بورڈ کو ریکمنڈ کریگا اور تب جاکر سینٹرل بورڈ اس انسٹی ٹیوشن کو مدد دے گا - جہاں تک میری یادداشت ہے دس ہزار روپیہ سالانہ تک کی مدد بورڈ کی طرف سے مل سکتی ہے - البتہ اس میں ایک چیز ضرور ہوگی کہ ہر ایک کمیونیٹی کی عورتیں یا بچے اس میں داخل کرنے ہوں گے کسی کو کوئی انسٹی ٹیوشن ریجکٹ نہیں کر سکے گا - یہ بھی شرط ہے کہ اس کا حساب کوئی چارٹرڈ اکاؤنٹنٹ آڈٹ کرے اور اس کی آڈٹ رپورٹ بورڈ کے پاس جائے - یہ میں نے پہلے ہی عرض کیا کہ وہ انسٹی ٹیوشن رجسٹرڈ ہونا چاہئے -

میرے خیال میں سوشل ویلفیر بورڈ کی موجودگی میں ہم ایک نیا بل لائیں اس چیز کو کرنے کے لئے جو اس بورڈ کو امداد دیکر اس کی معرفت کرایا جاسکتا ہے یہ کوئی ضروری نہیں ہے -

†[**श्री पीर महम्मद खान** (जम्मू और काश्मीर): जनाब डिप्टी चेयरमैन साहब, इस बिल के सिलसिले में, मैं गवर्नमेंट आफ इंडिया के सोशल वेलफेयर बोर्ड के मुतल्लिक कुछ बताऊंगा। जहां तक मेरा ख्याल है इस गरज के लिये सोशल वेलफेयर बोर्ड को सैकेन्ड फाइव ईयर प्लान के लिये १५ या १८ करोड़ रुपया गवर्नमेंट आफ इंडिया की तरफ से इमदाद दी गई है। सोशल वेलफेयर बोर्ड के हर एक स्टेट में बोर्ड बने हुए हैं, जो स्टेट एडवाइजरी बोर्ड कहलाते हैं। ऐसा इन्स्टीट्यूशन ख्वाह वह नया बनाना हो या पहले से काम कर रहा हो, इसको बड़ी आसानी से सेन्ट्रल बोर्ड से मदद मिल सकती है और इसका तरीका यह है कि ऐसा इन्स्टीट्युशन पहले अपने आपको रजिस्टर कराये फिर अपना एक प्रोग्राम अपने तमाम वर्क के मुतल्लिक तैयार करके एक प्रोफोरमा पर एक दरखास्त बना कर स्टेट बोर्ड को दे। इसमें दो-एक चीजें यह है कि वह सेन्ट्रल बोर्ड से जो मदद लेगा, इसमें इसको अपनी तरफ से भी कुछ चन्दा करना होगा। यह जहां तक मेरा ख्याल है पचास परसेंट होगा और वह चन्दा जो इन्स्टीट्यूशन को अपनी तरफ से करना होगा, इसमें वह इन चीजों को काउन्ट करेगा, जैसे उसकी सर्विसेज, मकान, लेबर और नकदी। स्टेट एडवाइजरी बोर्ड इसके हिसाब को अच्छी तरह चैक करके सेन्ट्रल बोर्ड को रिकमेंड करेगा और तब जाकर सेन्ट्रल बोर्ड इस इन्स्टीट्यूशन को मदद देगा। जहां तक मेरी याददाश्त है, दस हजार रुपया सालाना तक की मदद बोर्ड की तरफ से मिल सकती है। अलबत्ता इसमें एक चीज़ जरूर होगी कि हर एक कम्यूनिटी की औरतें या बच्चे इसमें दाखिल करने होंगे। किसी को कोई इन्स्टीट्यूशन रिजेक्ट नहीं कर सकेगा। यह भी शर्त है कि इसका हिसाब कोई चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट आडिट करे और इसकी

†Hindi translation.

ग्राडिट रिपोर्ट बोर्ड के पास जाये । यह मैंने पहले भी ग्रर्ज किया कि वह इन्स्टीट्यूशन रजिस्टर्ड होना चाहिये ।

मेरे ख्याल में सोशल वेलफेयर बोर्ड की मौजूदगी में हम एक नया बिल लायें इस चीज को करने के लिये जो इस बोर्ड को इमदाद दे कर इसकी मारफत कराया जा सकता है, यह कोई जरूरी नहीं है ।

DR. P. V. KANE (Nominated): Sir, the mover of this Bill has bestowed great thought over this and he must be congratulated for it. But I have some difficulties of my own. He referred to the Concurrent List Item No. 28, but I believe—I speak subject to correction—that it is very difficult to say that this Bill comes under the words used there:

> "Charities and charitable institutions, charitable and religious endowments and religious institutions."

This is a List in which Parliament as well as the States have the power to legislate. But this is not charity. Here you are legislating practically as a first step towards a poor law. If you look at the definition of the word 'orphan', you will find that it reads like this:

> "orphan" means a boy or girl, under eighteen years of age, who had lost his or her parents or has been abandoned or is not claimed by his or her parents or guardian or is voluntarily surrendered by his or her parents or guardians on account of their inability to bring up the child."

Any child under eighteen which is surrendered or which is pot cared for is an orphan, and for these orphans you start an orphanage, and there is a duty cast upon each State, which is very sweeping, and an elaborate machinery has been prescribed.

> "There shall be maintained and recognised in every district town of a State at least one orphanage and one windows' home...................

This, in my opinion, is the beginning of a poor law, and we have to make up our minds whether we shall now go in for this. I may tell you from my personal experience. I go out on walks—and I have been doing this regularly for forty years and more— and I have seen poor men and women sometimes surrounded by four or six children from one year to seven years; whether they are their own children or somebody else's children. I do not know, but their object is to create a sense of charity among the people passing by. They are all begging. These are all orphans, and if they know that there is going to be an orphanage in Bombay started by the State or the Central Government, they .would all go there. I do not object but you must make up your mind on that before this Bill is tak"en up.

Some hon. Member said that this is only for circulation and that we were not passing the Bill, but after all, if public opinion is in favour of this, you will consider it and pass it. Then, another hon. Member in a very eloquent speech referred to item 97 of the Union List. That is the last item in that List. Under that you can take up any other matter not enumerated in List II or List III. Before you resort to it, you must make it clear whether or not this falls under any of the three Lists. Otherwise we may as well say that we are a supreme Parliament and we shall legislate. But please do not bring this up. The Mover himself did not bring it up. He referred to item No. 28 of concurrent list. It is for the Minister for Legal Affairs to say whether it comes under Item No. 28 of the Concurrent List or under No. 97 of the Union List. I am saying this only as a lawyer. No doubt I sympathise with the object of the Mover, with the poor, but simply because we have sympathy, we should not put our hands to anything which we are not competent to do. That is all what I wanted to bring to your notice.

श्री देवकीनन्दन नारायण (बंम्बई) : उप सभापति जी, मेरे मित्र श्रीमान्, कैलाश बिहारी

[श्री देवकीनंदन नारायण]

लाल जी नें जो विधेयक सदन के सामने रखा है उसका मैं तहेदिल से स्वागत करता हूं। आप जानते हैं कि श्री कैलाश बिहारी लाल जी एक पुराने मंजे हुए सुधारक कार्यकर्त्ता हैं और आज कई वर्षों से उन्होंने एक आर्फ़नेज अपनी तहसील में चलाया है। तो अपने अनुभव से उन्होंने यह विधेयक आपके सामने रखा है। विधेयक का जो उद्देश्य है वह सीधा और सादा है, वह सामाजिक आवश्यकता में से पैदा हुआ है। उनकी मांग भी बहुत छोटी है कि इसको जनता में सर्कुलेशन के लिये भेज दिया जाय। मैं नहीं समझता कि इस पर क्यों आपत्ति की जाती है और इसका क्यों विरोध किया जाता है। जनता के सामने जब यह बिल जायेगा, वह सोचेगी कि कहां तक इसकी आवश्यकता है, इसमें कहां तक दुरुस्ती होनी चाहिये, क्या सुधार होने चाहियें। जब हम इस बात को मानते हैं कि इस विधेयक की आवश्यकता है और यह विधेयक सामाजिक सुधार का है, तो समाज के सामने इस विधेयक का जाना भी हमें आवश्यक मान लेना चाहिये और जब जनता के सामने जा कर यह लौट के आयेगा, तब हम जान सकेंगे कि जनता क्या चाहती है, क्या नहीं चाहती। तो अगर इस विधेयक को उद्देश्य की निगाह से देखा जाय तो यह निर्दोष है, इसका विरोध करना मैं ठीक नहीं समझता।

किसी मुल्क में या किसी समाज में अनाथालयों की या विधवागृहों की आवश्यकता होना, यह मैं कोई अच्छी बात नहीं समझता। किसी देश के लिये या किसी समाज के लिये अनाथालयों की आवश्यकता होना यह कोई प्रतिष्ठा की बात है, ऐसा आप भी न समझें। यह दुर्भाग्य है कि हमारे देश में हमें ऐसे अनाथालयों की या विधवागृहों की आवश्यकता मालूम देती है और आवश्यकता है। और इसके कारणों में भी हमें जाना चाहिये, इसके कारणों को भी हमें देखना चाहिये। हिन्दुस्तान इतना दारिद्र देश है, इतना कंगाल देश है कि यहां हजारों बच्चे मारे-मारे फिरते हैं, आवारा फिरते है, मां-बाप जिनकी फिकर कर नहीं सकते, जिनको पढ़ा नहीं सकते, पेट को पूरा दे नहीं सकते, कुसंगत में लड़के पड़ जाते हैं और कुसंगत में पड़ जाने के कारण वे देश के दुश्मन भी बन जाते हैं। यही हाल हमारी बहिनों का है। कुछ सामाजिक कुरीतियां सैंकड़ों वर्षों से हमारे देश में ऐसी चली आ रही हैं कि जिनकी वजह से हमारी कुछ बहिनों की एक शोचनीय अवस्था पैदा हो जाती है। वह एक शर्म की बात है और हमें उसे सोचना चाहिए।

देश की सामाजिक आवश्यकता और दारिद्र को देखते हुए इस बिल की आवश्यकता प्रतीत हुई है, यह हमें नहीं भूलना चाहिये। यदि हमारा देश दरिद्र नहीं होता तो अनाथ बच्चों का सवाल ही पैदा न होता। हमारा समाज और हमारी सामाजिक रीतियां प्रगतिशील होतीं तो विधवा-गृहों की आवश्यकता ही न होती। यदि हमारा समाज अपनी बहिनों की फिक्र करता होता, इज्जत करता होता, अपनी जिम्मेदारी को जानता होता कि इन बहिनों और विधवाओं की जिम्मेदारी हमारे ऊपर हैं, तो सरकार के सामने इस तरह के विधेयक को पेश करने की कोई आवश्यकता ही न पैदा होती। परन्तु आज हमारे समाज का जो चित्र है, समाज में जो बातें दिखाई देती हैं, उनसे आपको पता चलेगा कि जहां ये विधवागृह और अनाथालय चलाये जा रहे हैं, वहां उनका दुरुपयोग शरारती, पाखण्डी और बदमाश लोग किस तरह से कर रहे हैं। अगर आप इन गृहों की हालत को जानते कि इनका दुरुपयोग क्यों हो रहा है, और इस ओर अगर समाज ने जितना ध्यान देना चाहिये था उतना दिया होता, तो यह बिल आज हमारे सामने न आता। इसलिये मैं अपने भाई श्री कैलाश बिहारी का अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने इस सदन में ऐसे महत्वपूर्ण सामाजिक सवाल की ओर हमारा ध्यान खींचा है।

एक बात जो मुझे अखरती है वह यह है कि यह इस बिल में कहा गया है कि ऐसी संस्थाएं सरकार स्वयं खोले। मैं इसे पसन्द नहीं करता।

श्री व्यं० कृ० ढगे (बंम्बई) : क्यों ?

श्री देवकीनंदन नारायण : आई एम कमिंग टू दि प्वाइन्ट। यह एक सामाजिक आवश्यकता का प्रश्न है और समाज को इसे स्वयं सोचना चाहिये, समाज की ही यह जिम्मेदारी हैं। जो बातें समाज के लिये आवश्यक हैं या यूं कहिये कुटुम्ब के लिये, क्योंकि कुटुम्ब की प्रगति ही समाज की प्रगति हैं, उनकी जिम्मेदारी समाज और कुटुम्ब पर ही पड़नी चाहिये। सरकार की सत्ता का अंकुश भले ही उनके ऊपर हो, परन्तु उसके कारण किसी प्रकार की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी सरकार के ऊपर न डाली जानी

चाहिये, जिससे यह समझा जाय कि हमारा सामाजिक जीवन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की ही है, हमें ये तमाम बातें जो सामाजिक सुधार की ह वे वालंटियरी एसोसिएशंस के मारफत ही करनी चाहिये और इसमें ही व्यक्ति और समाज की प्रगति है। हमारा हर सामाजिक काम में यही दृष्टिकोण होना चाहिये कि सरकार की सत्ता का कम से कम उपयोग किया जाय और सरकार के अंकुश की कम से कम आवश्यकता प्रतीत हो।

तो इस निगाह से मैं यह नहीं चाहूंगा कि सरकार अपनी ओर से ऐसी संस्थाएं खोले हमारे यहां वालंटियरी एसोसियेशन है। श्री कैलाश बिहारी जी ३२ वर्ष से अपने यहां इस तरह की संस्था को चला रहे हैं। और भी बहुत से सुधारक मित्र और अच्छे देशसेवक हैं, जो समाज की सेवा करना चाहते ह, गरीबों की सेवा करना चाहते हैं, जिनके जिम्मे ऐसा काम कर दिया जाय।

अभी हमारे एक भाई जो जम्मू और कश्मीर के हैं, सोशल वेलफेयर बोर्ड के बारे में बात कह रहे थे और उन्होंने हमारा ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि इस काम म आधा बोझ सरकार के ऊपर डाल देना चाहिये और आधी जिम्मेदारी इस तरह की संस्थाओं के ऊपर डाल देनी चाहिये और सोशल वेलफेयर बोर्ड की तरह से यह सामाजिक सुधार संस्थाओं का काम होना चाहिये। इसका इनीशिएटिव समाज या व्यक्ति ले और उसे सरकार की ओर से प्रोत्साहन मिले, सरकार उसका मार्ग-दर्शन और निरीक्षण करे और गैर रास्ते पर जाने से रोके। इतना सरकार करे। इससे ज्यादा सरकार समाज-सुधार-संस्था के मार्ग में न आये। सरकार को यह देखना चाहिये कि जनता और सामाजिक संस्थाऐं आगे बढ़ रही हैं या नहीं, व्यक्ति अपनी संस्था ठीक चला रहे हैं या नहीं और फिर सरकार अपनी ओर से मदद करे, न कि उसमें खुद पड़े लेकिन अगर हम हरएक काम में सरकार की ही आवश्यकता को मानकर काम करें, तो सामाजिक प्रगति और सुधार के मार्ग में अड़चन पैदा हो जायेगी। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि ऐसे सामाजिक सुधार, और मैं तो यहां तक कहूंगा कि शिक्षा के कार्य भी, अधिकतर सामाजिक संस्थाओं को दिये जाने चाहियें, तब ही वास्तविक प्रगति हो सकती है।

आपने देखा होगा कि शिक्षा की जो प्रगति हुई है, वह केवल वालंटरी एन्टरप्राइज़ और वालंटरी एक्सपैरीमेंट के आधार पर हुई है, न कि सरकार का जो ढांचा है, उस पर हुई है। सरकार तो रेजीमेन्टेशन पैदा करती है और रेजीमेन्टेशन से प्रगति नहीं हुआ करती। इस लिहाज से मैं फिर कहूंगा कि सरकार के ही जिम्मे इस काम को और विशेषकर उन कामों को न डाला जाय, जो कि सामाजिक प्रगति और व्यक्तित्व के सुधार के लिये हैं।

फिर एक बार मैं अपने भाई श्री कैलाश बिहारी जी का अभिनन्दन करता हूं, क्योंकि उन्होंने इस बिल द्वारा एक सामाजिक काम की ओर हम लोगों का ध्यान खींचा है। देश में इस समय इस तरह की जो संस्थाएं हैं उनकी जो बुरी हालत है, उसकी ओर भी उन्होंने हमारा ध्यान खींचा है, यह बहुत ही महत्व की बात है। जब यह विधेयक सर्कुलेशन के बाद सदन के सामने आयेगा तब मैं आशा करता हूं कि हम उसमें और अधिक अच्छे सुधार कर सकेंगे।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Saksena can begin his speech after lunch. There is a message.

MESSAGE FROM THE LOK SABHA

THE MOTOR VEHICLES (AMENDMENT) BILL, 1956

SECRETARY: Sir, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary of the Lok Sabha:—

> "In accordance with the provisions of Rule 133 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose herewith a copy of the Motor Vehicles (Amendment) Bill, 1956, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 29th November, 1956."

I lay the Bill on the Table.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : The House stands adjourned till 2.30 P.M.

The House then adjourned for lunch at one of the clock.